**उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा, धनबाद की अध्यक्षता में दिनांक 18.08.2025 को आयोजित आत्मा, शासकीय निकाय एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन की बैठक की कार्यवाही** :–

उपस्थिति :– पंजी में संधारित

कार्यवाही :–

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा की अनुमति से जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, धनबाद के द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

सर्वप्रथम परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा उपस्थित आत्मा शासकीय निकाय के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का परिचय दिया गया एवं उनका स्वागत किया गया, तद्परान्त आत्मा एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आत्मा द्वारा किसानों को जागरुक करने एवं उनकी आय बढ़ाने के साथ आर्थिक एवं तकनीकी विकास के लिए वर्ष 2024–25 में प्राप्त आवंटन एवं विभिन्न गतिविधियों में की गई व्यय तथा वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्राप्त आवंटन तथा विभिन्न गतिविधियों पर किए जाने वाले व्यय पर विस्तृत चर्चा की गई।

परियोजना निदेशक, आत्मा के द्वारा वित्तीय वर्ष **2024–25** का भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धि प्रतिवेदन को **PPT** माध्यम से प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा एवं शासकीय निकाय के सदस्यों द्वारा बिन्दुवार समीक्षा की गई। वित्तीय लक्ष्य – **168.58582** के विरूद्ध प्राप्त आवंटन में– **65.07420** का व्यय किया गया है। आवंटन की कमी के कारण लक्ष्य के अनुरूप व्यय नहीं हुआ है। जिसमें **65.58582** वेतनादि में व्यय किया गया है।

वित्तीय वर्ष **2025–26** का कार्य योजना एवं वित्तीय लक्ष्य बिन्दुवार **PPT** के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस वित्तीय वर्ष में **DEWP – 258.62100** की स्वीकृति **SLSC** द्वारा दी गई है :–

## इस वित्तीय वर्ष 2025–26 कार्य योजना :–

1. **प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण** :–

I. **अन्तर्राज्यीय** :– इसके अन्तर्गत कृषक समूह को वित्तीय वर्ष 2025–26 में **IIPR-KANPUR,** उत्तर प्रदेश में प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण का निर्णय लिया गया, ताकि दलहन के कृषि प्रबंधन, भण्डारण एवं मूल्यवर्द्धन की उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के किसान उसका लाभ उठा सके। प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

II. **राज्यस्तरीय** :– राज्यस्तरीय प्रशिक्षण केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पिस्का नगरी, राँची/**ICAR-Indian Institute of Agricultural Biotechnology, Ranchi** एवं साथ ही साथ परिभ्रमण हेतु एग्रोटेक मेला, बी0ए0यू0, राँची में कराने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

III. **जिलास्तरीय** :– जिला स्तरीय प्रशिक्षण आत्मा, धनबाद/के0भी0के0 बलियापुर, धनबाद के सहयोग से प्रखण्ड से चयनित किसानों को कुल – 01 प्रशिक्षण कराने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

अन्तर्राज्यीय प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु प्रभारी उप परियोजना निदेशक, आत्मा को नामित किया गया।

राज्यस्तरीय प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, निरसा को नामित किया गया।

2. **प्रत्यक्षण** :— कृषि से संबंधित प्रत्यक्षण रबी फसलों की खेती पर 20 प्रत्यक्षण एवं शीतकालीन सब्जियों के 10 प्रत्यक्षण के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

3. **किसान मेला** :— किसान मेला के संबंध में चर्चा की गई। पिछले वर्ष में आवंटन के अभाव में प्रखण्डवार मेला का आयोजन नहीं किया गया था। इस वर्ष चार प्रखण्डों टुण्डी, निरसा, तोपचाँची, एवं बलियापुर में किसान मेला प्रस्तावित है। प्रखण्डवार किसान मेला करने का सुझाव दिया गया। प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

4. **किसान वैज्ञानिक अन्तर्मिलन** :— परियोजना निदेशक, आत्मा, द्वारा बताया गया कि दो किसान–वैज्ञानिक अन्तर्मिलन करने का प्रस्ताव है। उक्त दो किसान–वैज्ञानिक अन्तर्मिलन दलहन की उन्नत प्रणाली विषय पर कृषि विज्ञान केन्द्र धनबाद, बलियापुर के सहयोग से कराने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

5. **विशेषज्ञ सलाहकार नामित** :— परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा बताया गया कि आत्मा एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन की गतिविधियों का सफल संचालन हेतु विशेषज्ञ सलाहकार नामित करने का प्रस्ताव है। प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से डॉ0 देवकांत प्रसाद, वैज्ञानिक (शष्य) के0भी0के0, धनबाद के नाम पर सहमति दी गई।

6. **किसान गोष्ठि** :— इस वर्ष प्रत्येक प्रखण्ड में एक–एक किसान गोष्ठि कराने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इस क्रम में निर्देश दिया गया कि अच्छे कृषि क्षेत्रों का चयन कर जागरुक किसानों के बीच रबी फसलो की उन्नत तकनीक पर किसान गोष्ठि कराई जाय। प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

7. **कृषक पाठशाला** :— जिले में कुल – 10 कृषक पाठशाला प्रस्तावित है। प्रति प्रखण्ड एक–एक कृषक पाठशाला रबी फसलों की उन्नत तकनीक/बायोचार विषय पर आयोजन करने का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

8. **आत्मा कर्मियों की नियुक्ति** :— आत्मा, धनबाद के अन्तर्गत सृजित सभी पदों को भरने के लिए नियुक्ति प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

9. **प्रशिक्षण–सह–आत्मा सभागार** :— अध्यक्ष द्वारा निदेश दिया गया कि भवन विभाग से प्राक्कलन तैयार कराकर उपस्थापित किया जाय ।

10. **एटीक भवन का सुदृढ़ीकरण** :— अध्यक्ष द्वारा निदेश दिया गया कि प्राक्कलन तैयार कर निदेशक समेति, झारखण्ड, राँची से सहायता अनुदान से माँग की जाय ।

11. आत्मा, धनबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के प्रस्तावित अन्य सभी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

**NFSNM** :– परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा बताया गया कि केन्द्र संचालित योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्राप्त आवंटन **45.64470** के विरूद्ध **39.39150** राशि व्यय किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 कार्यान्वित योजनाओं का वित्तीय लक्ष्य निम्नवत है :–

| Crop | Target Allotment. (in lacs) |
|---|---|
| Pulses | 45.85125 |
| Rice | 17.60500 |
| Oilseed | 2.86000 |
| Coarse Cereals | 3.69500 |
| Nutri Cereals | 8.25000 |
| Total | **76.26125** |

**NFSNM (Pulses)**

**Demonstration on Improved Technology Sole Crop.**

| Crop | Target. (Hactare) | Achievement. (Hactare) | Remarks |
|---|---|---|---|
| Arhar | 10 | 10 | Kaliasole-05, Balliapur-05 |
| Gram | 40 | 0 | Dhanbad-02, Baliapur-02 Govindpur-03, Topchanchi-03, Baghmara-03, Nirsa-03, Tundi-03, Purvi Tundi-03, Kaliasole-02 & Egarkund- 02 |
| Urad bean | 30 | 30 | Baliapur- 5, Nirsa-5, Govindpur- 5, Tundi-05, Topchachi-05, Baghmara- 05 |
| Moong | 40 | 40 | Dhanbad-02, Baliapur-05, Govindpur-05, Topchanchi-05, Baghmara-03, Nirsa-05, Tundi-05, Purvi Tundi-03, Kaliasole-05 & Egarkund-02 |
| Lentil | 5 | 0 | Topchanchi-02, Kaliasole-02 |

**Demonstration on Improved Technology Cropping Sequence based.**

| Crop | Target (Hactare) | Achievement (Hactare) | Remarks |
|---|---|---|---|
| Paddy-chick pea | 20 | 20 | Govindpur-05, Baghmara-10,Tundi-05 |
| Paddy-Lentil | 05 | 05 | Topchanchi-05 |

**NFSNM Edible Oil-Oilseeds**

**Demonstration on Improved Technology Sole crop.**

| Crop | Target (Hactare) | Achievement (Hactare) | Remarks |
|---|---|---|---|
| Groundnut | 20 | 20 | Baliapur-05, Topchanchi-05, Tundi-05, Kaliasole-05 |
| Rapeseed & Mustard | 330 | 0 | All Block |

## NFSNM -Rice

### Demonstration on Improved Technology Sole crop.

| Crop | Target. (Hactare) | Achievement. (Hactare) | Remarks |
|---|---|---|---|
| SRI | 15 | 15 | Baliapur-05, Topchanchi-05, Purvi Tundi-05 |
| Hybrid Rice | 20 | 20 | Dhanbad 05, East Tundi-05, Kaliasole-10 |
| Stress tolerent varieties | 25 | 25 | Govindpur-10, Tundi-15 |

### Demonstration on Improved Technology Cropping Sequence based.

| Crop | Target. (Hactare) | Achievement. (Hactare) | Remarks |
|---|---|---|---|
| Paddy-chick pea/Summer moong | 8 | 8 | Nirsa - 10 |
| Paddy-Lentil/Summer moong | 2 | 2 | |

## N.F.S.M Nutri Cereals

### Demonstration on Improved Technology Sole crop

| Crop | Target (Hactare) | Achievement (Hactare) | Remarks |
|---|---|---|---|
| Ragi | 60 | 60 | Topchanchi-10, Nirsa-10, Tundi-15 Purvi Tundi-05, Kaliasole-05, Govindpur-15 |

## N.F.S.M Coarse Cereals

### Demonstration on Improved Technology Sole crop

| Crop | Target (Hactare) | Achievement (Hactare) | Remarks |
|---|---|---|---|
| Maize | 20 | 20 | Topchanchi-10, Baghmara-10 |

## Flagship programme under NFSNM

| Activities | Programme | Target | Financial | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| **Cropping system Based training** | NFSNM- Pulses- 04<br>NFSNM-Rice-01 | 05 | 1.50 | NFSNM- Pulses |
| **Farmers Training** | NFSNM- Pulses- 10<br>NFSNM-Rice-01<br>NFSNM-Coarse cereals-01<br>NFSNM-Nutri cetreals-01 | 13 | 3.90 | KVK Dhanbad/ ATMA Dhanbad |
| **Low Cost Publication** | NFSNM- Pulses- 03<br>NFSNM-Rice-01<br>NFSNM-oilseed-01 | 05 | 6.0 | |
| **Development of IT Packages** | NFSNM- Pulses- 02<br>NFSNM-Rice-01<br>NFSNM-oilseed-01 | 04 | 2.0 | |
| **Officers Training** | NFSNM- Pulses- 02<br>NFSNM-oilseed-01 | 03 | 1.08 | ATMA/KVK |
| **Inter state exposure visit** | NFSNM- Pulses- 03<br>NFSNM-Rice-01 | 04 | 10.5 | IIPR- Kanpur<br>NRRI Cuttack |

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, टुण्डी को नामित किया गया।

इस वित्तीय वर्ष 2025–26 में खरीफ दलहन/तेलहन/मडुवा एवं मोटा अनाज फसलों का प्रत्यक्षण कराना है। जिसके लाभुकों का चयन प्रत्यक्षण समूह में कराया जा रहा है। खरीफ में दलहन/तेलहन/मडुआ एवं मोटे अनाज का बीज वितरण किया गया है। प्रस्तावित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन वित्तीय वर्ष 2025–26 की कार्य योजना को प्राप्त आवंटन के आलोक में कार्यान्वित कराने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।

—ह0—
जिला कृषि पदाधिकारी
—सह—
परियोजना निदेशक,
आत्मा, धनबाद।

—ह0—
उपायुक्त—सह—अध्यक्ष
आत्मा, धनबाद।

**ज्ञापांक :–** 776 **धनबाद/दिनांक :–** 18-08-2025

प्रतिलिपि :– आत्मा, शासकीय निकाय के सभी सदस्यो को सूचनार्थ प्रेषित।

01/09/25

जिला कृषि पदाधिकारी
—सह—
परियोजना निदेशक,
आत्मा, धनबाद।

ज्ञापांक :– 776 धनबाद/दिनांक :– 18.08.2025

प्रतिलिपि :– निदेशक समेति, झारखण्ड़, राँची/उपायुक्त, धनबाद/कृषि निदेशक, झारखण्ड़, राँची को सादर सूचनार्थ समर्पित।

01/09/25

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–
परियोजना निदेशक,
आत्मा, धनबाद।